तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026

10 कांकेर पुलिस के दो जाबाज अधिकारी, राष्ट्रपति के...

10 विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने दो घंटे तक...




## खबर संक्षेप



### आदिवासी छात्र संगठन ने मरीजों को बांटे फल

**पखांजूर।** आदिवासी छात्र युवा संगठन छत्तीसगढ़ ने अपने 6 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिविल हॉस्पिटल पखांजूर में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को फल वितरित कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरुटी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जहर खाए युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत आंवराभाट निवासी 31 वर्षीय सुकचंद्र कुम्हार पिता बुरकाराम ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 14 अप्रैल को मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीमार महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पुसवाड़ा निवासी 67 वर्षीय कमला बाई साहू पति छेड़ीराम साहू का स्वास्थ्य खराब होने के कारण 7 जून को मौत हो गई। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज से पहले हि उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने दी फांसी लगाकर जान

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत कल्लेपरस निवासी 27 वर्षीय बैजूराम उसेंडी पिता रामूराम उसेंडी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने 6 से 7 जून के बिच खेत की ओर आम पेड़ में फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# नशा मुक्ति के संकल्प से गूंजा कांकेर शहर, जागरूकता रैली में उमड़ा जनसैलाब

*समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त करने और युवाओं को सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कांकेर द्वारा चलाए जा रहे व्यसन मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जिला स्तरीय नशा मुक्ति जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। पूरे शहर में गूंजते प्रेरक नारों और जनजागरण संदेशों के बीच निकली इस रैली ने नागरिकों का ध्यान नशे के दुष्परिणामों की ओर आकर्षित किया तथा व्यसन मुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया।*

**डफली बजाकर प्रेरक गीत और नारों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश**

**नशा छोड़ने व समाज को जागरूक करने का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गायत्री शक्तिपीठ कांकेर द्वारा 02 जून से 08 जून तक आयोजित कर्मकाण्ड एवं डफली प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आयोजित इस रैली का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ परिसर से हुआ। रैली में बड़ी संख्या में ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए प्रशिक्षार्थियों, गायत्री परिजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, व्यसन मुक्त भारत हमारा संकल्प और नशामुक्त युवा, राष्ट्र की शक्ति जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए गंभीर अभिशाप है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाकर संस्कारवान, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गायत्री परिवार का व्यसन मुक्त भारत अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल है। ▶▶| शेष पेज 10 पर



**गायत्री परिवार के व्यसन मुक्त भारत अभियान के तहत स्वस्थ समाज बनाने लिया संकल्प**

**जनजागरण का दिया संदेश**

*गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित रैली कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों ने डफली व प्रेरक गीतों के माध्यम से भी जनजागरण का संदेश दिया। उपस्थित नागरिकों ने स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।*

## एनजीटी के नियमों के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक बंद रहेंगी रेत खदान

# अवैध रेत खदान पर रात दो बजे तक डटी रहीं विधायक, 5 हाईवा व चेनमाउंटेन जब्त

*जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ चल रही मुहिम को उस समय नया मोड़ मिला, जब चारामा ब्लॉक के हराडुला रेत खदान में आधी रात को विधायक सावित्री मंडावी ने स्वयं पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। रात 2 बजे तक विधायक ने रेत खदान पर डेरा डाले रखा, वहीं सुबह उजाला होते तक पुलिस डेरा डाले रखी। मौके से पांच हाइवा और एक चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया है। खनिज विभाग की टीम सुबह पहुँचकर सभी वाहनों को थाने पहुँचाया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार हराडुला क्षेत्र में बीती देर रात बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत निकासी और परिवहन किए जाने की जानकारी विधायक सावित्री मंडावी को मिली थी। विधायक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचने का निर्णय लिया। विधायक जब हराडुला रेत खदान पहुंचीं तो वहां रेत उत्खनन और परिवहन में लगे कई वाहन एवं मशीनें सक्रिय मिलीं। विधायक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन कार्य को रुकवाया और मौके पर मौजूद पांच हाइवा तथा एक चैन माउंटेन मशीन को जब्त करा दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विधायक के अचानक पहुंचने की खबर फैलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग मौके से हट गए, आपरेटर और वाहनों के हेल्पर मिले, उनसे विधायक ने पूछताछ किया और रात 2 बजे तक रेत खदान पर बैठी रही। खनिज विभाग के अमले के रात को फोन नही उठ पाएं, उसके बाद पुलिस को खबर किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुँचे। ▶▶| शेष पेज 10 पर

**पुलिस अमले को मशीन व वाहनों को रात में ही सौंपा गया**



**खनिज अमले को सुबह मिली खबर वाहनों को पहुँचाया थाने**

**नदियों से रेत उत्खनन कल से होगा बंद**

*जिला खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों के अनुसार बारिश के मौसम के चलते 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत निकालने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसका मुख्य कारण जलीय जीवों (मछलियों और अन्य जीवों) के प्रजनन और नदी के प्राकृतिक संतुलन को बचाना होता है। सभी सरपंचो और रेत ठेकेदारों को बची हुई रायल्टी बुक जमा करने निर्देशित किया गया और साथ ही रैंप को ध्वस्त करने आदेशित किया गया है।*

**अवैध रेत खनन अब संभव नहीं**

*विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद अवैध रेत खनन पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया तो कई अधिकारियों ने फोन तक नहीं उठाया। ऐसे में उन्हें स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना पड़ा और कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों की लूट और शासन को होने वाले राजस्व नुकसान को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।*

# नाबालिग के अपहरण के फरार आरोपी को नरहरपुर पुलिस ने हरियाणा में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले की नरहरपुर थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और तत्परता दिखाते हुए फरार आरोपी को अपराध दर्ज होने के दो माह के अंदर आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

विदित हो कि यह पूरा मामला अप्रैल महीने का है। बीते 14 अप्रैल 2026 को पीड़िता के परिजनों ने नरहरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 13 अप्रैल से लापता है। रिश्तेदारों और आसपास खोजबीन के बाद जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण करने की आशंका जताई गई। पुलिस ने तुरंत अपराध क्रमांक 85/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से जांच आगे बढ़ाई। पुलिस को पहली सफलता 18 मई को मिली, जब नाबालिग पीड़िता को बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के ग्राम जमुनिया से सुरक्षित बरामद किया गया।



**पॉक्सो और बीएनएस के तहत कार्रवाई**

*महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष दिए बयानों में पीड़िता ने आपबीती सुनाई। उसने बताया कि आरोपी सुदामा कुमार चौधरी ने उसके नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद उसका अपहरण किया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के इस गंभीर बयान के बाद पुलिस ने मामले में धाराएं बढ़ाते हुए बीएनएस की धारा 87, 64 (2)(ड) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 को जोड़ा।*

**आरोपी को हरियाणा में दबोचा**

*घटना के बाद से ही आरोपी 21 वर्षीय सुदामा कुमार चौधरी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, लगातार फरार चल रहा था। पुलिस को जानकारी मिली कि हरियाणा के फरीदाबाद जिले में छिपा हुआ है। नरहरपुर पुलिस की टीम तुरंत हरियाणा रवाना हुई और बल्लभगढ़ के ग्राम निमका में घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल, सउनि पल्टूराम मंडावी और आरक्षक डुमेश साहू, पवन मरकाम व जशवंत उईके की सराहनीय भूमिका रही।*

# ईरागांव में धर्म प्रचारकों का प्रवेश वर्जित ग्रामसभा का निर्णय व लगाया गया बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

क्षेत्र के ग्राम ईरागांव में ग्रामसभा के निर्णय के बाद एक सूचना बोर्ड स्थापित किया गया है, जिसमें ईसाई धर्म प्रचारक पादरी एवं पास्टरों के गांव में प्रवेश पर रोक लगाए जाने की जानकारी दी गई है। इस निर्णय को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में आयोजित ग्रामसभा की बैठक में धर्मांतरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद कुछ लोग गांव की पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों, पूजा-पद्धतियों, देवी-देवताओं एवं सामाजिक रीति-रिवाजों से दूरी बना लेते हैं, जिससे सामाजिक मतभेद और विवाद की स्थिति



उत्पन्न होती है। इसी संदर्भ में ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से धर्मांतरण गतिविधियों के उद्देश्य से आने वाले पादरी एवं पास्टरों के गांव में प्रवेश पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया। ग्रामसभा के निर्णय के बाद गांव के प्रमुख स्थान पर एक सूचना बोर्ड लगाया गया है, जिसमें इस संबंध में स्पष्ट जानकारी अंकित की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम गांव की परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि, इस निर्णय को लेकर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है और साथ ही इस विषय की कानूनी स्थिति और विभिन्न पक्षों की राय पर भी स्पष्टता आना बाकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को लेकर क्या रुख अपनाया जाता है, इस पर क्षेत्रवासियों की नजर बनी हुई है।

आयोजित बैठक में ग्राम पटेल प्रयाग सिंह कोरेटी, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, भागवत कोरेटी, मयाराम आंचला, पुखराज आंचला, गैंद सिंह हिडको, ज्वाला प्रसाद जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामसभा के निर्णय का समर्थन करते हुए गांव की परंपराओं एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा पर बल दिया।



## जनदर्शन के 26 आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 26 आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर को अवगत कराया। जनदर्शन में मिले भूमि रजिस्ट्री, नामांतरण, भूमि आबंटन, खसरा दुरुस्तीकरण, मनरेगा भुगतान, प्रमाण पत्र, वेतन, सड़क मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास एवं अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आवेदन को शीघ्र एवं निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ रौनक गोयल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्टी के बाद सोते आदमी की पिटाई तीन पर मामला दर्ज, विवेचना प्रारंभ

*बाइक खरीदने पर पार्टी दी और रात में विवाद-मारपीट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ देर रात मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। नई मोटरसाइकिल खरीदने की खुशी में आयोजित पार्टी के बाद सो रहे व्यक्ति को जगाकर तीन लोगों ने विवाद किया और उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना में पीड़ित को सिर, पीठ, आंख और कमर में चोटें आई हैं। शिकायत मिलने के बाद भानुप्रतापपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकरनगर मुल्ला भानुप्रतापपुर निवासी 40 वर्षीय विजय पटेल ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 7 जून की शाम उनके



भांजे संजय सलाम ने नई मोटरसाइकिल खरीदने की खुशी में ग्राम कलवर में एक पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी समाप्त होने के बाद भांजा गांव में ही बालाराम के दामाद पकलुराम नरेटी के घर के बाहर सो गए थे। भांजा के अनुसार रात करीब 11 बजे से 12 बजे के बीच ग्राम कलवर निवासी पकलुराम नरेटी, मुनेश सलाम और कलीराम ध्रुवा वहां पहुंचे। तीनों ने पुरानी बातों को लेकर उन्हें नींद से जगाया और विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों तथा डंडे से उनकी पिटाई कर दी। मारपीट में विजय पटेल को पीठ, सिर, आंख और कमर में चोटें आईं। घटना के बाद उन्होंने थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पकलु राम नरेटी, मुनेश सलाम और कलीराम ध्रुवा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग और कनेक्शन में देरी से अस्पताल की व्यवस्था चरमराई

# सीएमएचओ ने ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग पर बिजली इंजीनियर के दावों को नकारा

*मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगने वाले ट्रांसफार्मर और लाईन जोड़ने पर सीएसईबी प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता ने समय सीमा की बैठक में कहा कि कार्य पूरा हो चुका है, उसी समय सीएमएचओ ने उनके दावे को एक सिरे से खारिज कर दिया। 20 मई से ट्रांसफार्मर अस्पताल परिसर पहुँच गया, परंतु 18 दिन बाद भी उसे शिफ्ट नहीं किया जा सका।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लो वोल्टेज की समस्या के कारण एमआरआई मशीन पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ी है। मशीन को पुनः चालू करने के लिए 33 केवी विद्युत लाइन कनेक्शन देने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से करीब चार माह पूर्व विद्युत विभाग को राशि भी जारी कर दी गई थी। बावजूद इसके अब तक न तो ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया जा सका है और न ही अस्पताल को नया विद्युत कनेक्शन मिल पाया है। सोमवार 08 जून को आयोजित समय-सीमा की बैठक में इस कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान सीएसईबी के प्रोजेक्ट कार्यपालन अभियंता सतीश किंडो ने बताया कि कार्य पूरा हो चुका है तथा कनेक्शन जोड़ा गया है। उनके इस दावे पर सीएमएचओ डॉ. आर.सी. ठाकुर ने तत्काल आपत्ति जताते हुए कहा कि न तो कनेक्शन हुआ है और न ही ट्रांसफार्मर को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम ने विभागीय समन्वय और कार्यों की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैठक के बाद सीएमएचओ स्वयं मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि ट्रांसफार्मर अब भी 20 मई से जैसा लाकर रखा गया है, वहीं पर रखा हुआ है और तार जो जोड़ना था, वो भी अभी तक नहीं जुड़े थे। ▶▶| शेष पेज 10 पर



- लो वोल्टेज के कारण सालभर से बंद पड़ी एमआरआई मशीन, उपचार के लिए भटक रहे मरीज
- विद्युत विभाग की सुस्ती से सरकार की छवि पर पड़ रहा गलत प्रभाव

**विद्युत विभाग की अव्यवस्था उजागर**

*मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। 33 केवी विद्युत लाइन और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। विधायक आशाराम नेताम भी कई बार इस व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने के लिए निर्देशित चुके हैं, लेकिन विभागीय सुस्ती के चलते अस्पताल को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।*

**सरकार की छवि पर भी पड़ रहा असर**

*विद्युत विभाग की अव्यवस्था के चलते आवश्यक बिजली व्यवस्था अब तक दुरुस्त नहीं हो सकी है, जिससे मरीजों को अस्पताल की महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास विभागीय उदासीनता के कारण धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। इसका सीधा असर सरकार की छवि पर पड़ रहा है और जनता में असंतोष बढ़ रहा है।*

# अंग्रेजी शराब बेचते धनेसरा का एक कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरोना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम धनेसरा के भर्रीपारा में छापेमारी कर एक शराब कोचिया के कब्जे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान 32 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 जून को थाना क्षेत्र में ग्राम भ्रमण एवं जुर्म-जरायम पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भर्रीपारा धनेसरा निवासी चन्द्रहास नेताम अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब संग्रहित कर बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सरोना थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने घर के एक कमरे में रखे आसमानी रंग के बैग की जांच की। बैग के भीतर अंग्रेजी शराब 'जम्मू स्पेशल व्हिस्की' की 180-180 मिलीलीटर वाली कुल 32 बोतलें बरामद हुईं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### एकलव्य विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र की तैयारियों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को नए शैक्षणिक सत्र के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विद्यालयों के प्रयोगशाला कक्षों के सुव्यवस्थित संचालन, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दिया।

### दिव्यांग बंजारे को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल



केशकाल। विकासखंड के ग्राम गारका निवासी दिव्यांग अरूण बंजारे को समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाकिल प्रदान की गई, जिससे आत्मनिर्भरता की राह आसान हुई है। सोमवार को जिला कार्यालय में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में उन्हें यह सहायक उपकरण उपलब्ध कराई गई। श्री बंजारे को हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा कोण्डागांव स्थित गारमेंट फैक्ट्री में रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। वे अपने रिश्तेदार के घर आड़काछेपड़ा में रहकर कार्य करेंगे। मोटराइज्ड ट्राइसाकिल मिलने से उन्हें कार्यस्थल तक आवागमन में सुविधा होगी तथा दैनिक गतिविधियों को संचालित करने में भी मदद मिलेगी।

# कांकेर पुलिस के दो जाबाज अधिकारी, राष्ट्रपति के हाथों शौर्य चक्र से अलंकृत

**नक्सल प्रभावित बस्तर अंचल में वर्षों से कठिन परिस्थितियों के बीच राष्ट्र और जनसुरक्षा के लिए कर्तव्य निभा रहे पुलिस अधिकारियों की वीरता को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान मिला है। कांकेर जिले के दो जांबाज पुलिस अधिकारियों को उनकी असाधारण बहादुरी, नेतृत्व क्षमता और नक्सल विरोधी अभियानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के प्रतिष्ठित वीरता अलंकरण शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल कांकेर पुलिस बल्कि पूरे बस्तर संभाग और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय बन गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ भानुप्रतापपुर

नक्सल विरोधी अभियानों में अदम्य साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारी लक्ष्मण केवट एवं रामेश्वर देशमुख को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शौर्य चक्र प्रदान किया गया। यह सम्मान राष्ट्र की सुरक्षा, जनसुरक्षा और नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में उनके साहसिक एवं उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर हुई स्वीकृति है। दोनों अधिकारियों ने बस्तर संभाग के अत्यंत संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सेवा देते हुए अनेक महत्वपूर्ण अभियानों



का सफल नेतृत्व किया। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, चुनौतीपूर्ण सुरक्षा वातावरण और लगातार बने रहने वाले जोखिमों के बीच उन्होंने अपने साहस, रणनीतिक कौशल और नेतृत्व क्षमता से सुरक्षा बलों को कई महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं। उनके नेतृत्व में संचालित अभियानों ने नक्सल विरोधी मुहिम को नई मजबूती प्रदान की और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांकेर पुलिस परिवार ने इस उपलब्धि को अपने समर्पण, साहस और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान बताया है। दोनों अधिकारियों को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान सुरक्षा बलों के जवानों और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने दोनों अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शौर्य चक्र जैसे प्रतिष्ठित वीरता सम्मान से सम्मानित होना पूरे कांकेर जिले, बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ पुलिस परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि दोनों अधिकारियों का साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण पुलिस बल की उत्कृष्ट परंपराओं का प्रतीक है।

## सियासत : जनसंपर्क अभियान और गतिशील बनने पर जोर, योजनाओं की दें जानकारी

# भाजपा की बैठक में संगठनात्मक सहित अन्य गतिविधियों की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की मासिक बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, मतदान केंद्र अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार के 12 साल सेवा, सुशासन और विश्वास के/" अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रत्येक मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के कार्यों



की समीक्षा की गई तथा आगामी समय में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। मंडल प्रभारी विजय मंडावी ने संगठन की कार्यपद्धति एवं आगामी कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक का संचालन एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास द्वारा किया गया। अंत में मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रजिंदर रंधावा, जिला आईटी सेल प्रमुख संकेत नशीने, उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी, ढालन सिंह राणा, मंडल मंत्री सुमित्रा साहू, कौशल्या उईके, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा डिकेस साहू, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष अजा मोर्चा मनोज रावटे, मंडल अध्यक्ष अजजा मोर्चा राजेंद्र ध्रुव, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सनी राम कोरेटी, महामंत्री जागेश्वर नरेटी, शकुंतला यादव, प्रेम शर्मा, तरुण पाण्डे, कौशल रामटेके, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा राजेश्वरी कचलाम, सरिता देवांगन, गीता ठाकुर, प्रेमबती उसेंडी, जागेश्वरी उसेंडी, नमिता नेताम, ज्योति बघेल, संतोषी ठाकुर, पद्मनी पुजारी, ममता नरेटी, गोदावरी यादव, कुन्ती भुआर्य, पीलाबाई यादव, कनिष्का राजपूत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जगन्नाथ साहू,मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप, नरेंद्र सांवले हिमांशु ठाकुर, रमल कोर्राम, कनक राजपूत, रूपेश कल्लो एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने दो घंटे तक किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बस स्टैंड दुर्गुकोंदल में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम कर शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में करीब दो घंटे तक चक्का जाम रहा, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात संचालन के लिए प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसके चलते पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि विकासखंड के निर्माण कार्यों में अनियमितताएं हो रही हैं तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कथित रूप से तीन प्रतिशत कमीशन लिए जाने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को तत्काल पद से हटाने की मांग की। दूसरी प्रमुख मांग विभिन्न लेम्पसों में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# अपराध नियंत्रण और त्वरित निराकरण को लेकर एसपी ने दिखाए सख्त तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की विशेष क्राइम मीटिंग

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों के प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने शुक्रवार को समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थानों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने, नियमित पेट्रोलिंग करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रें में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और समर्पण पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनता की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आगामी कार्ययोजनाओं और कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।



### लंबित अपराधों के लिए चलेगा विशेष अभियान

बैठक के दौरान लंबे समय से लंबित प्रकरणों, समन एवं वारंटों के शीघ्र निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचना की गुणवत्ता सुधारकर न्यायालयों में दोषसिद्धि दर बढ़ाने तथा जिला अभियोजन अधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए ग्राम स्तर पर चलित थाना लगाने तथा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साइबर अपराध, एटीएम एवं बैंक फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। कॉप ऑफ द मंथ सम्मान, अभिनव उपाध्याय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, फरसगांव निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव, थाना प्रभारी विश्रामपुरी, एम्पलाई ऑफ द मंथ सम्मान उप निरीक्षक खेमराज जैन, रीडर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक कैलाश ठाकुर (140), डीएसबी शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय शामिल रहे।

# भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ जिला नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नियुक्त जिला नोडल अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने नगर पंचायत का दौरा कर भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य, एसएलआरएम सेंटर तथा वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमओ एवं उप अभियंता को प्रतिदिन कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग करने को कहा।

एसएलआरएम सेंटर में उन्होंने स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली। वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित



किया। अभिषेक गुप्ता ने कोंडागांव जिले के वार्ड नोडलों की बैठक लेकर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिले की तीनों नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेकर प्रगतिरत विकास कार्यों का जायजा लिया तथा लंबे समय से लंबित निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने और पहली किस्त लेने के बावजूद कार्य शुरू नहीं करने वाले हितग्राहियों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, उप अभियंता गौरव साव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद

### वार्ड नोडल प्रभार क्षेत्र में करें भ्रमण

बैठक में वार्ड नोडलों को प्रतिदिन अपने प्रभार वाले वार्ड में भ्रमण कर स्वच्छता जागरूकता, निर्माण कार्यों का निरीक्षण, सोर्स सेग्रीगेशन बढ़ाने, नालियों की सफाई, पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान और वार्डों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

डाक विभाग की क्षमता विकास कार्यशाला सम्पन्न

# ग्रामीण डाक कर्मचारियों को मिला आधुनिक सेवाओं का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग, उपसंभाग कोंडागांव द्वारा शनिवार को स्थानीय वन काष्ठागार परिसर में ग्रामीण डाक कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों की कार्य दक्षता बढ़ाना, विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार को गति देना था। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर मोहम्मद नियाजुद्दीन एवं सहायक अधीक्षक सुमन एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव एवं मर्दापाल उपडाकघरों के अंतर्गत कार्यरत ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं, आधुनिक डाक सेवाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी की सुविधाओं तथा डिजिटल कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। अधिकारियों ने कर्मचारियों को बताया कि बदलते समय के साथ डिजिटल सेवाओं को गांव–गांव तक पहुंचाना डाक विभाग की प्राथमिकता है। अधिकारियों ने कर्मचारियों को बेहतर ग्राहक सेवा, विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्यकुशलता में वृद्धि तथा जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार–प्रसार के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई।



### उत्कृष्ट कर्मचारियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन विभागीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सर्व विभागीय दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ, कोंडागांव द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बघेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1998 के बाद नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का आज तक नियमितीकरण नहीं हो पाया है।



लगभग 28 वर्षों से सेवा दे रहे अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्ति की उम्र के करीब पहुंच चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक स्थायी सेवा का लाभ नहीं मिला है। संघ ने कहा कि विभिन्न सरकारों ने समय–समय पर नियमितीकरण का आश्वासन दिया, लेकिन यह केवल घोषणाओं तक ही सीमित रहा। वर्तमान सरकार ने भी विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान अपने घोषणा पत्र में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## कोहकामेटा-सिदावंड रोड की पुरानी मांग को टेकाम ने किया पूरा

# 4.76 करोड़ से बनने वाली सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज : केशकाल

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल के कोहकामेटा ग्राम से मांझीचेर्रा होते हुए सिदावंड तक 4.10 किलोमीटर सड़क निर्माण का भूमिपूजन आज किया। 40 साल पहले बनी इस सड़क पर लगातार ग्रामीण ग्राम डामरीकरण की मांग करते आ रहे थे जिस पर विधायक बनने के बाद नीलकंठ टेकाम ने मांग पूरी की। लगभग 473 लाख की लागत से अब कोहकामेटा प्रधानचेर्रा ग्रामवासियों को नई डामर सड़क मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम की सरपंच ग्राम पंचायत कोहकामेटा रंगीला भेड़िया एवं सिदावंड सरपंच सहित ग्राम के बुजुर्ग नागरिकों ने भी विधायक को धन्यवाद दिया। इस अवसर



पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि 40 साल पहले बने यह सड़क जिस पर लगातार डामरीकरण की मांग लोग कर रहे थे विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मुझसे भी मांग रखी गई थी जिसे मैंने पूरा करने का आश्वासन दिया था। विधायक बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की साय की सरकार के समक्ष यह मांग रखी थी जिसे संवेदनशील विष्णु देव सरकार ने तत्काल पूरा करते हुए लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क को स्वीकृति प्रदान की। अब यह सड़क कोहकामेटा प्रधानचेर्रा एवं सिदावंड के ग्रामवासी को कुछ ही महीने बाद बनकर तैयार मिलेगी।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम,कोहकामेटा की सरपंच रंगीला भेड़यिा, सिदावंड सरपंच, एवं कोहकामेटा के सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोदर सलाम,वीरेंद्र बघेल, कृष्ण दत्त उपाध्याय,भाजपा कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा, भाजपा महामंत्री रोशन सिन्हा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### नशा मुक्ति के संकल्प से गूंजा कांकेर...

आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्र एवं समाज को व्यसन मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया गया।

### अवैध रेत खदान पर रात दो बजे तक डटी...

विधायक ने उपस्थित पुलिस स्टाप से कहा कि मैं जा रही हूँ, इसमें एक भी गाड़ी को छोड़ना नहीं है, सभी पर कार्रवाई किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई और उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### सीएमएचओ ने ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग...

इसके बाद सीएमएचओ ने वास्तविक स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया।

### अंग्रेजी शराब बेचते धनेसरा...

जब्त शराब की कुल मात्रा 5.760 लीटर पाई गई जिसकी अनुमानित कीमत 3 हजार 840 रुपये आंकी गई है। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी चन्द्रहास नेताम उक्त शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज, परमिट अथवा लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त कर लिया और आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर, एसपी व वरिष्ठ अधिकारियों ने रोपे पौधे



**बीजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, वनमंडलाधिकारी डीएफओ डॉ.जाधव सागर रामचंद्र सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

### जिले में ईंधन का स्टॉक समाप्त

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में संचालित पेट्रोल पंपों में से कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन का स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त होने के कारण उनके संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बाजार के दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक विभिन्न कार्यों से आते हैं, जिससे ईंधन की मांग में वृद्धि होती है। ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समय पर ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित कर ईंधन आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### समर कैम्प में निखर रही बच्चों की प्रतिभा



**लोहंडीगुड़ा।** बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए पीएम श्री कन्या आश्रम शाला बड़े गोमियापाल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में स्कूल के बच्चों के साथ-साथ बलवाड़ी के बच्चे भी उत्साह पूर्वक प्रतिदिन आ रहे हैं। आर्ट क्राफ्ट नृत्य संगीत विभिन्न प्रकार की कला शिल्प लोकगीत इसके साथ ही साथ ग्रीन समर कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच के हाथों एक पेड़ मां के नाम पर स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर इनडोर प्लांट्स के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। समर कैंप का 10 जून तक किया जाएगा।

## निधन

### उमादेवी दास



**जगदलपुर।** पंच पथ ब्राह्मण पारा निवासी उमादेवी दास का 99 वर्ष की अवस्था में आज दोपहर 1 बजे निधन हो गया। संध्या 5 बजे अंतिम यात्रा निवास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, उत्कल समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। वह सेवानिवृत्त कर्मचारी लोकनाथ तथा मुरारी एवं जिला न्यायालय के कर्मचारी राकेश और राजेश दास की माता थी। वह 4 पुत्र, 2 पुत्री सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

**विकास : बस पार्किंग सहित 5.72 करोड़ की अतिरिक्त राशि की घोषणा**

# उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल में 7.19 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/किरंदुल





उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को किरंदुल प्रवास के दौरान नगर पालिका परिषद में 7 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों की उपस्थिति रही।

■ ऑक्सीजोन पार्क स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा

उप मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 14 लाख 85 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें डीएमएफ मद से विकसित ऑक्सीजोन पार्क तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत खरीदी गई बैकहो लोडर मशीन, सक्शन मशीन सह मेला टैंकर, ट्रैक्टर इंजन एवं पानी टैंकर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन संसाधनों से नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने ऑक्सीजोन पार्क की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक पार्क नहीं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

इसके साथ ही उन्होंने 3 करोड़ 4 लाख 9 हजार रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें एसडीएमएफ के अंतर्गत वार्ड 6 एवं 8 में नाला निर्माण कार्य, राज्य प्रवर्तित योजना के तहत मुक्तिधाम निर्माण तथा अधोसंरचना मद से विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर की आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगरपालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष किरंदुल रूबी सिंह , नगरपालिका अध्यक्ष बचेली राजू जायसवाल,वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### सशक्त हो रहीं महिलाएं

महिलाओं के सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश की लाखों माताओं एवं बहनों को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है तथा वे परिवार और समाज में अधिक सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

### नगर विकास में हर संभव मदद

साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले दो वर्षों में शासन-प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किरंदुल नगरीय निकाय में 16 करोड़ 43 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत एवं संचालित किए गए हैं। राज्य सरकार नगरों के सुनियोजित विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान के अनुरूप कार्य कर रही है। स्वच्छता, पेयजल, सड़क, अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार निवेश किया जा रहा है, जिससे शहरों को अधिक स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाया जा सके।

### विकास का संकल्प तेजी से हो रहा साकार

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। इसी उद्देश्य से वे लगातार बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल एवं युवा कल्याण सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सड़क, पेयजल एवं शहरी अधोसंरचना के विकास को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।

### सुंदर नगरों में से एक किरंदुल

उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल की प्राकृतिक सुंदरता की विशेष सराहना करते हुए कहा कि बैलाडीला पर्वतमालाओं की गोद में बसा किरंदुल प्राकृतिक दृष्टि से प्रदेश के सबसे सुंदर नगरों में से एक है। चारों ओर हरियाली, पर्वतीय सौंदर्य और स्वच्छ वातावरण इस नगर को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए किरंदुल को एक आदर्श एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है।

### विधायक ने माना आभार

विधायक चैतराम अटामी ने उप मुख्यमंत्री द्वारा किरन्दुल नगरीय निकाय के अंतर्गत विकास कार्यो की सौगात दिए जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राज्य शासन द्वारा क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में प्रतिबद्धता की बात कही।

### किरंदुल विकास की ओर अग्रसर

उन्होंने विधायक के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह के नेतृत्व में नगर में संचालित विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किरंदुल निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है तथा शासन नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। वार्ड 10 में बस पार्किंग एवं स्टेज-स्टैंड के पास सीसी रोड तथा विद्युत व्यवस्था के विकास कार्य के लिए 1 करोड़ 58 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विकास कार्यों की मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि 3 करोड़ 72 लाख रुपये के प्रस्तावित विकास कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर हित में जिस कार्य की आवश्यकता होगी, उसके लिए राज्य शासन पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

# कांग्रेस कमेटियों के गठन का विस्तार पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम की बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत सदस्य एवं गीदम ब्लॉक प्रभारी सुलोचना कर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्ड कमेटियों का गठन किया गया तथा

■ कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा एवं निर्णय लिए गए। बैठक में कांग्रेस पार्टी की आगामी गतिविधियों, संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, नए साथियों को संगठन से जोड़ने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही गीदम नगर एवं ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करती आई है और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने गीदम नगर एवं ब्लॉक क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं सभी वर्गों के लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं, जो संगठन की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। संगठन को वार्ड एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच कार्य करेगी।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रविश सुराना, सचिव एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि रजत दहिया, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष आसिफ रजा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जनपद सदस्य मड्डा राम वेक, नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत गीदम सोहन यादव, शोएब रिज़वी, पार्षद मनकू राम, जिला कांग्रेस सचिव अनिल सोनी, जनपद सदस्य श्याम जॉन, मिडिया प्रभारी एवं जिला सचिव कांग्रेस मिडिया सेल ऋषभ सुराना, बारसूर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किरथ अलामी, लखमू राम, सुनील गोलछा, सुरेश लेखामी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, युवा कांग्रेस जिला महासचिव गौरव गुप्ता, कैलाश सेन, अरुण मंसूरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब तेल के साथ-साथ खली भी होगी अपनी : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छत्तीसगढ़ शासन के तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने सुकमा सर्किट हाउस में भेंट कर जिले के लोगों को तेलघानी बोर्ड की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान दीपिका शोरी ने सुकमा जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में वनोपज के रूप में टोरा का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है तथा ग्रामीणों द्वारा टोरा तेल का व्यापक उपयोग किया जाता है। तेल निकालने के लिए ग्रामीणों को हाट-बाजारों और तेल मिलों में काफी समय व्यतीत करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से तेलघानी बोर्ड द्वारा छोटी तेल निष्कर्षण मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनकी लागत लगभग 1 लाख से 2 लाख रुपये तक है। इन मशीनों पर ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इस योजना का लाभ किसी भी वर्ग के समूह, स्व-सहायता समूह अथवा व्यक्तिगत हितग्राही ले सकते हयह मशीन प्रतिदिन 40 से 50 लीटर तक तेल उत्पादन करने में सक्षम है और इसे स्थापित करने के लिए बड़े स्थान की भी आवश्यकता नहीं होती।

■ तेलघानी बोर्ड की योजनाओं का लाभ सुकमा तक पहुंचाने पर हुई चर्चा

इससे ग्रामीण अपने गांव या घर के समीप ही तेल उत्पादन कर सकेंगे, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही तेल निकालने के बाद बचने वाली खली को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकेगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि यह योजना ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्होंने जिले के नागरिकों से शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने तथा अपने जीवन स्तर में सुधार लाने की अपील की।

# साहू संघ ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के निर्देश पर में 7 जून को प्रदेशव्यापी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण अभियान आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं सभी तहसील साहू संघ गीदम बचेली दंतेवाडा के अध्यक्ष वह पदाधिकारी सामूहिक रूप से वन मंदिर में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया गया, जिसमें कई तरह के वृक्ष लगाए गए। जिसमें फलदार वृक्ष दशहरी आम, कटहल, आंवला, मूनगा, काजू पीपल, पपीता एवं अन्य कई तरह के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संगठन संयुक्त सचिव बीना साहू, जिला साहू संघ दंतेवाडा के अध्यक्ष एनआर साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष योगेश साहू ,जिला महिला उपाध्यक्ष अनीता साहू, जिला संगठन सचिव निर्मला साहू,जिला कोषाध्यक्ष भगत राम साहू, जिला संगठन सचिव नारायण लाल साहू दंतेवाड़ा ,तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, बचेली तहसील अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू व आदि मौजूद थे।

# बुधराम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित कोर्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज धूमधाम से हुआ। शुभारंभ अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं विधानसभा प्रत्याशी रह चुके सोयम मुका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला मंत्री संजय सोढ़ी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी नरेन्द्र सोढ़ी, भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री अनिल मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के खेलप्रेमी युवा और मुनगा व धुड़वारास की दोनों टीमों के खिलाड़ी मौजूद थे। अतिथियों ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

### राजा तिवारी की कांग्रेस में वापसी

**जगदलपुर।** कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित किए गए राजा तिवारी के निलंबन को समाप्त करते हुए कांग्रेस में वापसी का आदेश आज जारी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश, शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अनुशंसा तथा प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से अनुमोदन प्राप्त कर यह बहाली की गई। शहर महामंत्री अभिषेक नायडु ने बहाली आदेश में संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की है। ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष ललिता राव ने राजा तिवारी को कांग्रेस में वापसी कराई। गौरतलब है कि पिछले नगर निगम के चुनाव के दौरान कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर राजा ने बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उस दौरान सभी बागियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाते निलंबन किया गया था। आज कांग्रेस भवन पहुंचकर उन्होंने सदस्यता प्राप्त की।

## प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
**अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी**
स्वर्गलोक गमन: 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# संगठन विस्तार से विकसित भारत का हाराडुला भाजपा ने तैयार किया रोडमैप

## भाजपा मंडल हाराडुला की बैठक में मजबूत बूथ, मजबूत संगठन का गूंजा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, कार्यकर्ताओं को सौंपे गए नए दायित्व

संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति के साथ आयोजित मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं ने बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया, साथ ही संगठन विस्तार से विकसित भारत का रोडमैप भी तैयार किया।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल हाराडुला की मासिक बैठक बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी की अध्यक्षता तथा मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री संजय सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक में पिछले माह की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया गया। मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मंडल की गतिविधियों की जानकारी देते हुए पिछले एक माह में संपन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी संजय सिन्हा ने कहा कि मासिक बैठकों के माध्यम से शक्ति केंद्रों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता प्रत्येक शक्ति केंद्र और पोलिंग बूथ को मजबूत करना है। इसके लिए बूथ समितियों की नियमित बैठकों में सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करता है। बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत हैं, जो केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### मंडल की बैठक में रहे शामिल

आयोजित बैठक में जिला पंचायत सदस्य तिजेश्वरी सिन्हा, रघुनंदन साहू, मनोज जैन, जनपद सदस्य चिंता राम साहू, रेणुका सिन्हा, परमानंद साहू, महावीर सिन्हा, राजू नेताम, उर्वशी जैन, टिकेश्वरी शोरी, टिकम साहू, प्रताप पटेल, नारायण जैन, छेदूराम निर्मलकर, यशवंत साहू, चंद्रशेखर बघेल, गोवर्धन बघेल, जीवराखन गगबेर, मन्नू पटेल, नारदराम सिन्हा, खुबलाल निर्मलकर, मोनू शोरी, रामनारायण नेताम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बढ़ती महंगाई से आर्थिक बोझ बढ़ा, आमजनता हो रही परेशान : सुनील



**कांकेर।** घरेलू रसोई गैस एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस नेता सुनील गोस्वामी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। सुनील गोस्वामी ने आरोप लगाया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 29 की वृद्धि कर सरकार ने आम परिवारों की रसोई पर एक और अतिरिक्त भार डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 90 दिनों के भीतर यह दूसरी बार है जब गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि की गई है। इससे पहले 7 मार्च 2026 को 60 की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद कुल वृद्धि 89 तक पहुंच गई है। वर्ष 2014 से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी अधिक होने के बावजूद तत्कालीन केंद्र सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए गैस पर भारी सब्सिडी उपलब्ध कराती थी। वहीं वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेल कंपनियां गैस सिलेंडरों पर भारी मुनाफा कमा रही हैं और आम लोगों से अधिक कीमत वसूली जा रही है। बढ़ती कीमतों के कारण उज्ज्वला योजना के लाखों लाभार्थी नियमित रूप से सिलेंडर रीफिल कराने में असमर्थ हैं। सरकार की नीतियां आम जनता के हितों के बजाय चुनिंदा वर्गों को लाभ पहुंचाने वाली हैं, जिसका कांग्रेस लगातार विरोध करती रहेगी।

### मुख्यमंत्री के हाथों मेधावी छात्रा को मिली 2 लाख की सहायता



**कांकेर।** जिले की मेधावी छात्रा महेश्वरी कोरॉम को कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माध्यमिक शिक्षा मंडल की टॉप-10 सूची में दसवां स्थान हासिल करने पर राज्य शासन की ओर से विशेष प्रोत्साहन दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 01 लाख रुपये तथा दोपहिया वाहन (स्कूटी) अनुदान के लिए 01 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम कानापोड़ निवासी छात्रा महेश्वरी कोरॉम की माता अनिता कोरॉम श्रमिक हैं तथा श्रम विभाग के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिक है। इसी पात्रता के आधार पर श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत यह सहायता राशि स्वीकृत की गई।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम कोटतरा निवासी 30 वर्षीय कुसुमलता नेताम पिता जगन्नाथ और ग्राम मरकाटोला निवासी 70 वर्षीय मोहन सिंह पिता सुकरू राम को इलाज के लिए रायपुर के अम्बेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान दोनो कि मौत हो गई। अस्पताल मेमो चारामा थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने के आवेदनों पर निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित लंबित आवेदनों का भी समयबद्ध निराकरण करने कहा।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बस्तर मुन्ने के अंतर्गत संचालित 31 बिन्दुओं पर आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने ज्ञान भारतम्‌-राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत जिले में सर्वेक्षण कार्य को और व्यापक बनाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों एवं उनसे संबंधित साक्ष्यों के दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस से संबंधित लंबित निर्माण कार्यों तथा नवीन पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उक्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए और साथ ही खाद भंडारण की वर्तमान स्थिति एवं नियमित मॉनिटरिंग कर किसानों को आवश्यकतानुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया। इस अवसर पर डीएफओ कांकेर रौनक गोयल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एएस पैकरा, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्ण पेंशन व टीईटी परीक्षा की मांग पर टीचर्स संघ ने डीपीआई को घेरा



**पखांजुर।** याचिकाकर्ता शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिक्षण संचालनालय पहुंचकर पूर्ण पेंशन और सेवाकालीन शिक्षकों के लिए सीमित विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर घेराव किया।

प्रतिनिधिमंडल ने उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के अनुसार संविलियन पूर्व की सेवा अवधि की गणना कर पूर्ण पेंशन देने हेतु नीति निर्धारण और आदेश जारी करने की मांग उठाई। एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक वाजिद खान, प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, कांकेर जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, जिला सचिव संतोष जायसवाल और मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, उपसंचालक अशोक नारायण बंजारा तथा लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक डॉ. महेश नायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि न्यायालयीन निर्णय के अनुरूप शिक्षकों की पूर्व सेवा को जोड़ते हुए पूर्ण पेंशन का लाभ दिया जाए, शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित की जाए तथा संबंधित राजपत्र में आवश्यक संशोधन किया जाए। प्रतिनिधिमंडल को जानकारी मिली है कि शिक्षा विभाग उच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर पेंशन देने के बजाय सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की तैयारी कर रहा है। इस पर शिक्षकों ने नाराजगी जताते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

स्कूल शिक्षा सचिव कमलप्रीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने के संबंध में वैधानिक सलाह लेकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं पेंशन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय और शासन की स्थिति का परीक्षण किया जा रहा है तथा शिक्षकों का पक्ष भी शासन तक पहुंचा है। एसोसिएशन ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की मंशा के अनुरूप शिक्षकों को टीईटी अहर्ता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मांग की कि सेवाकालीन शिक्षकों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पृथक सीमित विभागीय परीक्षा आयोजित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। साथ ही टीईटी परीक्षा का वार्षिक कैलेंडर जारी कर नियमित अंतराल पर परीक्षा आयोजित की जाए ताकि शिक्षकों को समय पर पात्रता प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

## धान बोआई की परंपरागत तैयारी पर बुदेली में हुआ बीज पंडुम व गेड़ी नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का अनूठा उदाहरण ग्राम बुदेली में देखने को मिला, जहां धान बोवाई से पूर्व पारंपरिक बीज पंडुम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम गायता नरेन्द्र कोर्राम ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों की समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। धान बोवाई से पहले ग्राम गायता द्वारा उपवास रखकर जिम्मेदारी दाई की पूजा की जाती है। इसके बाद अर्धरात्रि में गांव के देवी-देवताओं की परिक्रमा की जाती है। परंपरा के अनुसार गांव के विभिन्न मार्गों और सीमाओं पर लोहे के धातु, लाली तथा नींबू के माध्यम से बंधन किया जाता है, जिससे गांव को नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षित रखने की मान्यता जुड़ी हुई है। बीज पंडुम के दिन गांव में विशेष नियमों का पालन किया जाता है। इस दौरान महिलाओं का कुएं, हैंडपंप अथवा नदी से पानी भरना वर्जित रहता है। ग्राम गायता फरसा के पत्तों से बनाई गई गांड़ी में बीज धान लेकर पूजा-अनुष्ठान संपन्न करते हैं, जिसके बाद खेती-किसानी के नए सत्र की शुरुआत मानी जाती है। कार्यक्रम के दौरान गांव के युवकों ने पारंपरिक गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। युवकों की टोली प्रत्येक घर पहुंचकर कोको पंडुग से जुड़ा लोकनृत्य करती है। ग्रामीण उनके सम्मान में छिंद, तेंदूपत्ता, महुआ, चावल एवं अन्य सामग्री दान स्वरूप प्रदान करते हैं। नृत्य दल को प्राप्त सामग्री का उपयोग सामूहिक भोजन के रूप में किया जाता है। कार्यक्रम के समापन पर गांव की सीमा पर गेड़ियों को एकत्रित कर पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनाराम तेता सहित ग्राम पटेल देव सिंह कोर्राम, ग्राम प्रमुख रहने सिंह नरेटी, संतूराम नरेटी, मनराखन कोर्राम, धरम सिंह कुमेटी, बंसिग नरेटी, शिवनाथ गावड़े, मनेश गावड़े, हिरे सिंह सलाम, कंवल सिंह बघेल, धर्मेंद्र कावड़े, धनुजय बघेल, परमेश्वर तेता, जगदेव कावड़े तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## छीना झपटी के दो फरार आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई माला बरामद

**कांकेर।** थाना दुर्गुकोंदल पुलिस ने झपटमारी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से प्रार्थिया से छीनी गई माला भी बरामद कर ली गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 जून को ग्राम घोटिया निवासी कुमारीबाई अपने खेत विक्रमगंज से काम कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान विक्रमगंज के पास एक सफेद रंग की कार उनके समीप आकर रुकी, जिसमें तीन युवक और एक युवती सवार थे। कार से उतरे एक युवक ने बातचीत करने के बहाने प्रार्थिया के गले में पहनी माला को सोने की माला समझकर झपट लिया और अपने साथियों के साथ कार में बैठकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले में 4 जून 2026 को एक आरोपी आशीष भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे। फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने रायपुर से खमतराई थानांतर्गत रावणभाठा निवासी 21 वर्षीय सूर्यकांत गुप्ता उर्फ सूर्या तथा थाना पंडरी अंतर्गत मोवा निवासी 23 माही उर्फ मनीषा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी



संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने उनके कब्जे से प्रार्थिया से छीनी गई माला बरामद कर ली है। इस कार्रवाई में थाना दुर्गुकोंदल के निरीक्षक प्रहलाद यादव, सहायक उपनिरीक्षक महावीर प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र बुंदेला, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र गेंडरे, आरक्षक अवधराम नाग तथा साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम, प्रधान आरक्षक सचिन सोरी, आरक्षक प्रणय यादव, जितेंद्र नैग, भूपेश नेताम एवं हेमेश्वर मण्डवी शामिल रहे।

## विधायक सावित्री की पहल पर सोलर पंप दुरुस्त, पेयजल की समस्या निपटी

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम नागहूर पटेलपारा में पिछले लगभग दो माह से खराब पड़े सोलर पंप के कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी के दौरान पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। आंधी-तूफान के चलते सोलर पंप खराब हो गया था, जिससे गांव के लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित विभाग को सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था।

ग्रामीण दायरों पुड़ो, हेमलतीन नरेटी, पुष्पा पुड़ो, रूपोऊ पुड़ो, गणेश मंडावी, दिनेश कोवाची, लालसाय नरेटी, संग्राम गावड़े सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल संकट



के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। गांव के लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा था, जिससे विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी को समस्या से अवगत कराया। जानकारी मिलते ही विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभागों, केड़ा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने निज सहायक मोहन मंडावी को प्रभावित ग्राम नागहूर भेजकर समस्या के समाधान की निगरानी करने को कहा। विधायक के हस्तक्षेप के बाद विभागीय अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खराब पड़े सोलर पंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया। सोलर पंप के सुचारु रूप से संचालित होने के बाद गांव में पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या समाप्त होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

## सायकिल रैली निकालकर फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कांकेर।** विश्व सायकल दिवस के अवसर पर रविवार 07 जून को जिला मुख्यालय में फिटनेस, खेल और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य सायकल रैली का आयोजन किया गया। भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संडे ऑन सायकल कार्यक्रम में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि कांकेर के खेल प्रांगण से मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद कांकेर के उपाध्यक्ष उत्तम यादव एवं विशिष्ट अतिथि अजय मोटवानी तथा भूतपूर्व सैनिक संयोग कुमार साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिला खेल अधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सायकल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नया बस स्टैंड स्थित डोम तक पहुंची। इस दौरान अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सायकल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक सायकल उपयोग करने और स्वस्थ एवं फिट जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। जिला खेल अधिकारी दिनेश कुमार कवाची ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन लोगों में स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पूना पर्रियान के बच्चों द्वारा फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत जुम्बा कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। रैली में छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, खेल प्रेमी, अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवान, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, पूना पर्रियान के प्रशिक्षार्थी, व्यायाम अनुदेशक तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

### नाबालिग का अपहरण, अज्ञात पर मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर क्षेत्र से नाबालिग बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। बालक के परिजन ने थाना कांकेर में अज्ञात के खिलाफ बेटे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का मामला दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा लड़का 17 वर्ष 4 माह का है, जो घर में रहकर घरेलू काम करते हुए प्राईवेट पढ़ाई कर रहा है। वह 5 जून को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच बिना बताए घर से कही चला गया है, जिसका आसपास रिश्तेदारो में पता तलाश किा गया, लेकिन कोई पता नही चला। मुझे शंका है कि मेरे नाबालिग बेटा को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया होगा।

## भाजपा ने कांग्रेस के आंदोलन को जनहित के खिलाफ बताया

# दुर्गूकोदल चक्काजाम पर सियासत तेज, हड़तालियों पर रिपोर्ट लिखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



दुर्गूकोदल स्टेट हाईवे पर हुए चक्काजाम को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जहां एक ओर आंदोलनकारियों ने जनसमस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया, वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई को आम जनता के हितों के खिलाफ बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। सड़क जाम से यात्रियों, मरीजों और आम नागरिकों को हुई परेशानी को लेकर अब प्रशासन की भूमिका भी चर्चा का विषय बन गई है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो ने स्टेट हाईवे पर दुर्गूकोदल में सोमवार को कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए चक्का जाम आंदोलन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे कानून व्यवस्था तथा आम नागरिकों के अधिकारों के विरुद्ध बताते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से आंदोलन में शामिल लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

जारी बयान में उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक एवं राजनीतिक दल को अपनी बात रखने तथा विरोध दर्ज कराने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन यह अधिकार कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही प्रयोग किया जाना चाहिए। सार्वजनिक मांगों को अवरुद्ध कर लोगों की आवाजाही रोकना और घंटों तक आम नागरिकों को परेशान करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि दुर्गूकोदल स्टेट हाईवे क्षेत्र की प्रमुख यातायात लाइफलाइन है। यहां चक्का जाम किए जाने से यात्रियों, मरीजों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अनावश्यक विलंब हुआ। ऐसी गतिविधियां जनजीवन को प्रभावित करने के साथ सामाजिक व्यवस्था को भी बाधित करती हैं।

### आंदोलन राजनीतिक मंशा से प्रेरित

भाजयुमो नेता ने आरोप लगाया कि जनहित के वास्तविक मुद्दों के समाधान के बजाय राजनीतिक लाभ लेने की मंशा से इस प्रकार के आंदोलन आयोजित किए जा रहे हैं। उनका कहना था कि किसी भी शिकायत या मांग को प्रशासनिक स्तर पर ज्ञापन, बैठक या अन्य लोकतांत्रिक माध्यमों से भी प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। सड़क जाम कर आम लोगों को परेशानी में डालना जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के अनुरूप आचरण नहीं माना जा सकता। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर घटना में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही कहा कि जनता विकास, शांति और सुचारु व्यवस्था चाहती है तथा राजनीतिक दलों को भी अपनी बात रखने के लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक मार्ग अपनाना चाहिए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज